VOLUME 15 | ISSUE 8 | OCTOBER 2025 | MONTHLY | PAGES 40
PUBLISHING DATE : 08/10/2025 | RNI NO.: RAJBIL/2012/44840

PRICE ₹300
ISSN 2393-9281

सिम्पली जयपुर

# SIMPLY JAIPUR™

**DESTINATION FOR YOUR OWN BUSINESS & LIFESTYLE**

First Bi-Lingual (Hindi - English) *Lifestyle* MONTHLY MAGAZINE

e-magazine
www.simplyjaipur.com




SIMPLY COVER STORY

## 100 YEARS OF RSS

सिम्पली जयपुर

# SIMPLY JAIPUR™

**Destination for Your own Business & Life Style**

e-magazine
www.simplyjaipur.com

First Bi-Lingual (Hindi-English) Life Style Monthly Magazine

Bi-Lingual Hindi-English
No. 1st
Life Style
Monthly Magazine

*...with a circulation of 1.2 lakh per annum and connect with 3.6 lakh readers. Reach some of the most influential industrialists, businessmen, finance professionals, doctors, lawyers and other high flyers.*



| TARIFF (Monthly Edition) | |
|---|---|
| Cover Back Page | 50,000 |
| Cover Inner Page | 40,000 |
| **Single Premium Full Page** | 30,000 |
| **Double Spread Premium Page** | 54,000 |
| Single Section Full Page | 20,000 |
| **Double Spread Section Page** | 36,000 |
| Half Section Page | 12,000 |
| Vertical Strip | 8,000 |
| Quarter Page | 7,000 |
| Horizontal Strip | 5,000 |

| SPECIFICATIONS | |
|---|---|
| 7.75 x 10 inches | Full page |
| 7.75 x 5 inches | Half page |
| Advertisement in colour only. | |

**For Advertisement or Subscription** **Call : +91-9414044548, 9413401555**

Registered Office : 406, 4th Floor, "GURU-KRIPA TOWER", C-43, Mahaveer Marg. C-Scheme, JAIPUR - 302001 (Raj.) INDIA | Ph:- +91-141-4014474
E-mail:- info@simplyjaipur.in | Web : www.simplyjaipur.com, www.simplyjaipur.in

# Let the festivities begin!

## iPhone 17

## Magichromatic.



Available on 24 Months No Cost EMI Starting **₹3454* p.m.**

Exchange Effective Price of **₹49900***

Inclusive of **₹6000*** instant cashback on credit cards of

ICICI Bank | SBI card

+

Exchange bonus up to **₹7000***

Get Bluetooth Speaker worth ₹12,999*

| | iPhone 17 |
|---|---|
| MRP (incl. of all taxes) (256 GB, 1N) | ₹82900.00 |
| Instant Cashback* | ₹6000.00 |
| Exchange value of your old smartphone* | ₹20000.00 |
| Exchange bonus* | ₹7000.00 |
| **Exchange Effective Price*** | **₹49900.00** |

**Store:** 305-307 Panch Batti M. I. Road | World Trade Park, Malviya Nagar | Pratap Nagar (Near D-Mart) | Triton Mall, Jhotwara Cross Road Mall, Vidhyadhar Nagar | T: 82874-82874 | www.myimaginestore.com

**Service Center:** 305-307 Panch Batti M. I. Road | Third Floor, World Trade Park | First Floor, Mall of Jaipur, Vaishali

*T&C apply. Effective price is inclusive of Bank Cashback + Exchange Bonus + Tentative Value of Trade-in device. Effective price and exchange bonus may vary as per trade-in device value post evaluation. Bluetooth Speaker offer applicable on purchase of Protect+ with AppleCare Services. Offer can be withdrawn at any given point of time. TM and © 2025 Apple Inc. All rights reserved.


imagine®

Premium Partner

**COVER PAGE**

SIMPLY COVER STORY

## “शताब्दी का संकल्प - 100 वर्ष RSS का जज़्बा, सेवा, संगठन”









Owner, Publisher, Printer & Editor in Chief
**ANSHU HARSH**

CEO, Managing Editor & Founder
**SOMENDRA HARSH**

Sub-Editor
**RAJIV PUROHIT**

Graphic Designer
**DHEERAJ JALAN**
**ESHAN HARSH**

Celebrating 12 Years of

*Simply Jaipur*

**SIMPLY RAJASTHAN**

> Simply JODHPUR Pages
**PRADEEP JOSHI**

> Simply AJMER Pages
**ANUJ SHARMA**

**SIMPLY NATIONAL**

> Simply MUMBAI Pages
**MR. KAILASH ADVANI**

> Simply HYDERABAD Pages
**V. V. MAHESHWAR ROA**

> Simply CHENNAI Pages
**SAURABH SIKCHI**

**SIMPLY INTERNATIONAL**

> Simply NEW YORK Pages
**ASHOK VYAS (N.Y., USA)**

> Simply CALIFORNIA Pages
**KAPIL MOHAN**
California (C.A., USA)

ISSN 2393-9281

Registered Office :
**SIMPLY JAIPUR**
406, 4th Floor, Guru Kripa Tower, C-43, Mahaveer Marg C-Scheme, Jaipur - 01 (Raj.) INDIA. Ph.: 0141-4014474
E-mail : info@simplyjaipur.in, Web : www.simplyjaipur.in



**FOR ADVERTISEMENT AND SUBSCRIPTION**
**CALL : 9414044548, 9413401555**

Re production in whole or part without written permission is strictly prohibited. The content which is contributed by the writers in the magazine SIMPLY JAIPUR is completely his/her responsibility. SIMPLY JAIPUR doesn't take any responsibility for their views and respectives. All disputes are subject to JAIPUR Jurisdiction Only.



406, 4th Floor, "GURU-KRIPA TOWER", C-43, Mahaveer Marg, C-Scheme,JAI


# CONTENTS

e-magazine :
www.simplyjaipur.com

## OCTOBER 2025


SIMPLY COVER STORY

8 “शताब्दी का संकल्प - 100 वर्ष RSS का जज़्बा, सेवा, संगठन”

SIMPLY TRAVELOUGE

14 California Diaries: From Los Angeles Glamour to San Diego Sunshine

SIMPLY EVENTS

16 NIF Global Jaipur, Kamla Poddar Institutes students showcased their creative brilliance at the prestigious Global India Couture Week (GICW)

17 ‘शब्द ए सफर’ कविता-संग्रह का विमोचन समारोह संपन्न

18 Jaipur Hosts Global Happiness Forum 2025 : A Gateway to Global Wellbeing and Joy

20 यूज़र चार्ज के विरोध में कृषि उपज मंडी व्यापारियों का धरना प्रदर्शन एवं सरकार को ज्ञापन

21 राजस्थान चैंबर द्वारा 'रिजर्व बैंक इंटीग्रेटेड ऑम्बड्समैन स्कीम 2021' पर जागरूकता सत्र का हुआ आयोजन

22 राजस्थान चैम्बर द्वारा 'साहित्यकार सम्मान' का हुआ भव्य आयोजन

23 राजस्थान चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष डॉ. के.एल. जैन ‘लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड’ (मानव रत्न) से सम्मानित

24 शक्ति फाउंडेशन ने उत्साह से मनाया अपना 7 वां वार्षिक सिंदूर खेला उत्सव

25 3 DAY STATE LEVEL CONFERENCE “RAJPULMOCON 2025” CONCLUDES IN JAIPUR

26 Funskool India bags SGEPC Outstanding Export Performance award

27 The Rotary District Public Image Seminar concluded

28 Green Gold Animation Signs MoU with Frameboxx to Launch Industry Embedded Degree Program in Animation & VFX

29 THE ANNUAL FUNCTION OF MAHARAJA SAWAI BHAWANI SINGH SCHOOL, “STORIES OF COURAGE AND TRIUMPH” CONCLUDED WITH GREAT GRANDEUR

16

17

18

20

21

22

23

24

25


26


27



41 **SIMPLY LAUNCH**







**30** Motorola announces **#BigBillionMotoRush** with lowest ever festive prices on its bestselling smartphones

**31** Pre-launch bookings open for the new **MINI John Cooper Works Countryman ALL4.**


## » REGULARS


| | |
|---|---|
| Subscription Form FREE Home Delivery | 35 |
| Simply Readers ( Book Review) | 37 |
| Simply Astro | 38 |


## » BRAND INSIDE


| | |
|---|---|
| SIMPLY JAIPUR TARIFF | 2 |
| IMAGINE APPLE PREMIUM PARTNER | 3 |
| CINEMASTHAN | 12 |
| RIFF FILM CLUB | 13 |
| VOICE OF JAIPUR | 33 |
| SIMPLY JAIPUR PUBLICATION | 34 |
| ASH GROUP | 36 |
| RIFF PRODUCTION SERVICES | 39 |
| RIFF 2026 | 40 |



SIMPLY JAIPUR
A COMPLETE DIGITAL SOLUTIONS
Email : info@simplyjaipur.in
Web : www.simplyjaipur.in
promotions news destination wedding public print media magazine relations internet product launching branding events content press conference sharing communication Advertising publicity
Call : 9414044548, 9413401555
406, 4th Floor, "GURU-KRIPA TOWER", C-43, Mahaveer Marg, C-Scheme,JAIPUR - 302001 (Raj.) INDIA | Ph:- +91-141-4014474 | Mob :- +91-94140-44548, 941340155



# EDITORIAL

## श्रेष्ठ कौन?

जब हम स्वयं को और अपने आसपास की दुनिया को गहराई से समझने का प्रयास करते हैं, तो मन में स्वाभाविक रूप से एक प्रश्न उठता है  सृष्टि की रचना किसने की? मनुष्य कैसे बना? स्त्री और पुरुष की कैसे हुई?
इन प्रश्नों के उतर खोजते हुए जब हम वर्तमान समय की ओर देखते हैं, तो पाते हैं कि कभी हम वुमेन्स डे मनाते हैं, तो कभी मेंस डे। और इसमें कोई बुराई नहीं अपने अस्तित्व का उत्सव मनाना, अपने होने की खुशी साझा करना जीवन की सबसे सुंदर अनुभूति है।

हमारा अध्यात्म हमें सिखाता है कि स्त्री और पुरुष एक-दूसरे के पूरक हैं। दोनों एक-दूसरे के बिना अधूरे हैं  हर रूप में, हर स्तर पर। शिव और शक्ति इसका सबसे उत्कृष्ट उदाहरण हैं।

आज जब समाज में महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों की खबरें हमें विचलित करती हैं, तो हम समग्र पुरुष समाज को दोषी ठहरा देते हैं। लेकिन यह उचित नहीं है। किसी का अनादर करना, किसी को पीड़ा देना या उसके प्रति अन्याय करना किसी लिंग का नहीं, बल्कि व्यक्ति के स्वभाव का परिचायक है। पूरे वर्ग को इसके लिए दोष देना न्यायसंगत नहीं। कई बार वही लिंग तकलीफ देने वाला भी होता है और सहने वाला भी।

प्रेम, करुणा, संवेदना, अपनापन  ये सभी मानवीय गुण हैं, जिनका संबंध किसी जेंडर से नहीं, बल्कि इंसानियत से है।
मनुष्य होने का अर्थ ही है सम्मान, समरसता और सह-अस्तित्व का भाव रखना।

रामायण के अरण्यकांड का एक सुंदर प्रसंग इस विचार को और गहराई से समझाता है। एक बार श्रीराम ने स्वयं अपने हाथों से फूल चुनकर माता सीता के लिए गहने बनाए और अत्यंत आदरपूर्वक उन्हें पहनाए।
यह दृश्य देखकर किसी को भी आश्चर्य हो सकता है कया श्रीराम ऐसा भी कर सकते हैं? लेकिन यही श्रीराम का संदेश था  भेदभाव मिटाना।

स्त्री और पुरुष का भेदभाव चाहे घर में हो या समाज में, वह असंतुलन पैदा करता है। जितना सम्मान पुरुष का है, उतना ही सम्मान स्त्री का भी होना चाहिए। दोनों के बीच का संतुलन ही एक स्वस्थ, सुंदर समाज और सशक्त राष्ट्र की नींव रखता है।

अंतत: प्रश्न 'श्रेष्ठ कौन' का नहीं है  बल्कि 'समभाव' का है।
श्रेष्ठता वहाँ नहीं जहाँ कोई ऊपर या नीचे हो,
बल्कि वहाँ जहाँ दोनों साथ हों  समानता, सम्मान और संवेदना के साथ।

› अंशु हर्ष
ashharsh2000@gmail.com
ashharsh2000
anshuharsh
anshu_harsh

We the team of Simply Jaipur, a unique destination for your own lifestyle magazine, welcome you. It is Rajasthan's first BI-LINGUAL monthly lifestyle magazine. As you are aware our current SJ October '25 Edition is already on the Stands We Invite your presence in form of advertorial or advertisment in our coming November edition in which we cover top personalities of Jaipur who have contributed in any way to lifestyle, society or through their profession. Our upcoming editions will be based on the customs and traditions of the local area. As well we will be highly delighted if anybody send us Travelogues about different tourist destinations.

We also have our presence online among the readers of all ages through Digital magazine. Our targeted group of reader varies from proactive and dynamic adults to people with higher household incomes.

All editions of SIMPLY JAIPUR are available online also, you can visit our online digital brochure at **www.simplyjaipur.com**. This 40 pages BI-LINGUAL publication features new trends of lifestyle in every edition.

In last four successful years, we have received great response from our readers not only from Rajasthan but also globally.

In our upcoming editions, we look forward to publish Life-style contents and for that we are providing advertising space for the local businesses. We also cater to your presence in form of Display Advertisement, Editorial, or Advertorial.




somendra.harsh@gmail.com somendra.harsh somendraharsh somendraharsh

**SOMENDRA HARSH**
CEO/MANAGING EDITOR & BUSINESS HEAD
M : 9414044548



Follow us : simply jaipur
simplyjaipur
SIMPLYJAIPUR

For Advotorial or Advertisement
9414044548, 9413401555

Simply Catch All Editions in
ONE CLICK
catch your favorite magazine

Now on your mobile www.simplyjaipur.com






# समाज में कोई एक संगठन नहीं, बल्कि संपूर्ण समाज का ही एक संगठन है -

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ




**उपहास, उपेक्षा और विरोध से सर्व स्वीकार्यता तक की यात्रा - राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष**

बीसवीं शताब्दी के प्रारंभ काल के समय तक भारत पर केवल अंग्रेज़ी शासन की पराधीनता का बोझ ही नहीं, सांस्कृतिक विभ्रम और सामाजिक विखंडन का रोग भी लग चुका था। विदेशी शासन की केवल तोप और तलवार की शक्ति पर नहीं, बल्कि भारतीय समाज की आत्मविस्मृति की कमजोरी पर टिका था। मानो भारत की आत्मा गहरी नींद में सो गई हो, स्मृतियों का सरोवर सूख चुका हो और संस्कारों का सूर्य काले बादलों में कहीं ढंक गया हो। ऐसे अंधकारमय समय में डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार (1889–1940) भारत के स्वतंत्रता सेनानी ही नहीं, बल्कि राष्ट्र की सुप्त चेतना को जाग्रत करने वाले पुरोहित








बनकर निकले। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि भारत की स्वतंत्रता केवल शासन परिवर्तन से नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और हमारे स्वत्व की पुनर्प्रतिष्ठा से ही पूर्ण होगी। और इस दुष्कर कार्य को करने का जो मार्ग उन्होंने चुना वह था - समाज का संगठन। समाज में कोई एक संगठन नहीं, बल्कि संपूर्ण समाज का ही एक संगठन।

## ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और डॉ. हेडगेवार का संकल्प

बीसवीं सदी के प्रारंभ में भारत पराधीन भी था और पराजितङ्कमन भी। अंग्रेजी शिक्षा से संस्कार टूटा, समाज से सहकार छूटा। समाज की छोटी छोटी कमजोरियों को अंग्रेजों ने 'फूट डालो और राज करो' की नीति से और गहरा कर दिया। स्वतंत्रता की ज्वाला बार-बार भड़की, पर संगठनहीनता और आत्मविश्‍वास की कमी ने उसे बुझा दिया। डॉ. हेडगेवार ने इस दुर्बलता को जड़ से समझा। बंग-भंग की घटना ने उनके भीतर स्वदेशी चेतना जगाई और लोकमान्य तिलक के घोष 'स्वराज्य मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है' ने उन्हें कर्मपथ पर अग्रसर किया। युवावस्था में



'क्रांतिकारी समितियों से जुड़ते हुए उन्होंने अनुभव किया कि क्षणिक विद्रोह राष्ट्र को स्थायी मुक्ति नहीं दे सकता; इसके लिए चरित्रवान और संगठित समाज चाहिए। उनका निष्कर्ष था कि केवल अंग्रेजों को हटाना पर्याप्त नहीं, बल्कि उस मानसिकता और आत्महीनता को हटाना होगा जो गुलामी को जन्म देती है। यही चिंतन उन्हें नए मार्ग की ओर ले गया।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ : राष्ट्र जागरण का महाअभियान

1925 की विजयादशमी को नागपुर में डॉ. हेडगेवार ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की। यह केवल एक संगठन नहीं, बल्कि राष्ट्र-आराधना का अनुष्ठान, आत्म-जागरण का यज्ञ था। संघ की दैनिक शाखा इस यज्ञ की प्रयोगशाला बनी। शाखा में खेलों से शरीर सबल होता, अनुशासन से मन संयमित होता और










प्रार्थना से आत्मा संस्कारित होती।

'नमस्ते सदा वत्सले मातृभूमे,
त्वया हिन्दुभूमे सुखं वर्धितोऽहम्ऽ

इस प्रार्थना के प्रत्येक शब्द में मातृभूमि के प्रति समर्पण और राष्ट के प्रति जीवन-अर्पण का संकल्प निहित है।

हेडगेवार के लिए राष्ट्र केवल भू-खंड नहीं, बल्कि एक जीवंत पुरुष, एक चैतन्य आत्मा था। उनका विश्वास था कि यदि समाज संगठित और संस्कारित है तो कोई शक्ति उसे पराधीन नहीं कर सकती। राजनीति की चमक क्षणिक है, पर संस्कृति का आलोक चिरंतन है, यही उनका मूल संदेश था।

## युगानुकूल नेतृत्व और विस्तार

डॉ. हेडगेवार के पश्चात दूसरे सरसंघचालक श्री गुरुजी (माधव सदाशिव गोलवलकर) ने इस कार्य को दूरदृष्टि और युगानुकूल दिशा दी। उन्होंने संघ की शाखाओं को समाज जीवन के विविध क्षेत्रों तक पहुँचाने का कार्य किया। शिक्षा, सेवा, से ग्रामविकास तक और श्रमिक वर्ग, महिला जागरण से किसान कल्याण तक के इन सभी क्षेत्रों में स्वयंसेवकों ने रचनात्मक पहल की। समाज का विश्वास अर्जित करना और जाति-भेद से ऊपर उठकर सबको साथ लेना संघ की कार्यशैली का प्राण रहा।

स्वतंत्रता के बाद संघ ने राजनीति से परे रहकर समाज के सांस्कृतिक पुनर्जागरण को अपना ध्येय बनाए रखा। जब भी देश प्राकृतिक आपदा, विभाजन की त्रासदी या सामाजिक असंतुलन से जूझा, स्वयंसेवक सेवा और संगठन के साथ उपस्थित रहे। यही कारण है कि आज संघ (RSS) की पहचान Ready for Selfless Service के नाते हो गई। और संघ की स्वीकार्यता देश के प्रत्येक प्रांत और विश्व के अनेक देशों तक विस्तृत हो गई।

## शताब्दी वर्ष - पंच परिवर्तन का लक्ष्य

उपहास, उपेक्षा और विरोध के पश्चात संघ अब संपूर्ण समाज में स्वीकार्य हो चुका है। विरोधी अब कम हैं, जो हैं उनकी भी धार अब कुंद पड़ गई है। समाज के सभी वर्गों से उसको समर्थन प्राप्त है। इसलिए शताब्दी वर्ष में पंच परिवर्तन विषय को लेकर संघ समाज






प्रबोधन का कार्य करेगा। आत्मगौरव से युक्त, जाति, भाषा, प्रांत या पंथ से ऊपर उठकर समरस समाज का निर्माण, पर्यावरण संरक्षण, मंगल कुटुंब, और नागरिक शिष्टाचार से युक्त समाज बनाने का प्रय| इसमें शामिल होगा।

वर्तमान की चुनौतियाँ

भारत आज वैश्वीकरण, भोगवाद, सांप्रदायिकता और सांस्कृतिक विस्मृति जैसी चुनौतियों का सामना कर रहा है। दुनियाँ में डीप स्टेट जैसी ताकतों द्वारा देशों को अस्थिर करके उन्हें नियंत्रित करने का दौर चला है। श्रीलंका, बांग्लादेश, नेपाल, की तरह भारत में भी अराजकता और अस्थिरता लाने के अनेक प्रयास किए गए हैं, और किए जा रहे हैं। नकली मुद्दे, फर्जी आंदोलन, विदेशी मीडिया, विदेशी तंत्र सर्ि य हैं। जाति और मजहब के नाम पर समाज को तोड़ने के प्रयास किए जा रहे है। आसुरी शक्तियाँ जिहाद, मार्क्सवाद और अवैध मतांतरण जैसे खतरे के रूप में आज देश के सामने खड़ी है। ऐसे समय में समाज जागरण का यह कार्य आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना 1925 में था।



## भविष्य का संकल्प

डॉ. हेडगेवार ने जो बीज बोया था, वह आज वटवृक्ष बनकर भारतीय समाज में आत्मविश्वास, संगठनशक्ति और सांस्कृतिक गौरव की प्रेरणा दे रहा है। सौ वर्षों की यह यात्रा केवल संघ की नहीं, बल्कि समग्र भारतीय समाज की चेतना का अभ्युदय है। कल का संघर्ष, आज का संगठन और आने वाले कल का संकल्प का सेतु है - राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ। एक समरस, समर्थ और समृद्ध भारत के निर्माण ही इसका संकल्प है।

नागपुर के एक कार्यं म में प्रसिद्ध गायक शंकर महादेवन ने कहा था कि 'देश अगर एक गीत है तो स्वयंसेवक उसकी सरगम हैं।' संघ का स्वप्न है कि संघ भारत के समाज के ताने-बाने में इस प्रकार रच-बस जाए कि हर सूत्र राष्ट्रभाव से गुंजायमान हो और समग्र समाज एक स्वर में गूँज उठे -वंदे मातरम्!



**डॉ. अमित झालानी**
संयोजक, समाज एवं संस्कृति अध्ययन केंद्र

An Initiative by

RIFF™
FILM CLUB
A platform for film lovers

# CINEMASTHAN™

The Real Cinema of Rajasthan

## RAJASTHAN'S OWN OTT

**www.cinemasthan.com**

Cinemasthan is an Online Over The Top (OTT) video streaming platform initiated by RIFF Film Club.Cinemasthan primarily focuses on the Rajasthani Language content and also offers Short Films, Music Video Albums, Feature films, Documentary Films, Animation Films & Regional Films from India and abroad. Cinemasthan is the first Rajasthan's own OTT Platform which has a highly evolved video streaming technology and high attention to the quality of experience across various devices and platforms.

**Available on**

MOBILE android iOS TV androidtv tv

# RIFF™ FILM CLUB

*A platform for film lovers*

**FIRST FILM CLUB OF RAJASTHAN**

**which bring film lovers & film makers together to enable exchange of information and single window solutions for film industry....**

The club aims to do creativity through year round activities :

| | | | |
|---|---|---|---|
| Film Festival | Film Screening | Workshop | Knowledge Series |
| Shooting Location and Equipments & Auditions | Master Classes | Film Bazar | |
| Interaction with leading Film Makers, Technicians & Actors | | | |

**Do registration at** www.rifffilmclub.org

info@rifffilmclub.org

HEAD OFFICE : 406, 4th Floor, "GURU-KRIPA TOWER", C-43, Mahaveer Marg. C-Scheme, JAIPUR - 302001 (Raj.) INDIA | Phone : +91-141-4014474 | M : 9414044548

SIMPLY JAIPUR



# CALIFORNIA DIARIES: FROM LOS ANGELES GLAMOUR TO SAN DIEGO SUNSHINE



JANKI PARWAL

After months of planning and daydreaming, our long-awaited California trip finally began in June. Boarding Turkish Airlines from India felt like the perfect start—comfortable seats, warm hospitality, and smooth service set the tone for our journey. The excitement was buzzing as we flew halfway across the globe, ready to discover the charm of Los Angeles and the laid-back vibes of San Diego.

### TOUCHDOWN IN LOS ANGELES – CITY OF GLAMOUR

Los Angeles greeted us with sunshine, palm trees swaying along the boulevards, and a sense of vibrant energy that you instantly feel in the air. Known as the entertainment capital of the world, the city truly lives up to its glamorous reputation. Our first stop was Hollywood Boulevard, where the legendary Hollywood Walk of Fame sparkled beneath our feet. Seeing the stars of our favorite actors and musicians embedded in the pavement was surreal.

From there, we couldn't resist heading up to the Hollywood Sign, that timeless symbol of stardom. The hike gave us sweeping views of the city—a vast stretch of skyline, mountains, and ocean. Standing there, gazing at the sign we had only ever seen in movies, was a moment of pure travel bliss.

### BEACHES, SUNSHINE, AND CALIFORNIA CHILL

Los Angeles isn't just about movies and celebrities, it's also about its beaches. We drove down to Santa Monica Beach, where the pier was buzzing with families, street performers, and colorful rides. The ocean breeze was refreshing, and walking barefoot on the warm sand felt heavenly after the long flight. Just a short drive away,






Venice Beach was a different world altogether—bohemian, artistic, and full of energy. From skateboarders showing off their tricks to local artists selling handmade crafts, it felt like a carnival by the sea. One of my favorite moments was simply sitting on the beach, watching the sunset paint the sky in hues of orange and pink while surfers caught their last waves of the day. It was peaceful yet alive, exactly the kind of experience that makes you fall in love with California.

## GLIMPSES OF GLITZ AND LIFESTYLE

Los Angeles is a city where glamour meets everyday life. A drive down Rodeo Drive in Beverly Hills gave us a peek into the world of luxury shopping and high fashion. Even though window-shopping was all we could afford, it was fascinating to stroll along the chic boutiques and watch luxury cars glide past us. Later, a walk along the palm-lined streets of Beverly Hills felt like stepping into a movie scene. We also explored downtown LA, where modern skyscrapers blend with cultural spots like The Broad Museum and the iconic Walt Disney Concert Hall. The diversity of the city was striking—every neighborhood had its own character, from the artsy vibes of Silver Lake to the buzzing nightlife of West Hollywood.

## ONWARD TO SAN DIEGO – CALIFORNIA'S COASTAL GEM

After soaking up the glamour of Los Angeles, we headed south to San Diego, a city known for its relaxed pace, stunning coastline, and family-friendly attractions. The drive itself was a delight—California's coastal highways are as scenic as they come, with ocean views keeping us company along the way.

San Diego welcomed us with sunshine and a cool breeze, instantly putting us in holiday mode. Our first destination was La Jolla Cove, a picturesque spot where turquoise waters meet rugged cliffs. Watching the playful sea lions basking on the rocks was such a unique experience. The water was so clear that we could see schools of fish gliding through the shallows.

Next, we explored Coronado Beach, famous for its wide sandy shore and the historic Hotel del Coronado standing tall by the ocean. Walking along the sparkling shoreline, we understood why it often ranks among the best beaches in the United States.

## EXPLORING CULTURE AND FUN

San Diego offered more than just beaches. The highlight was Balboa Park, a cultural wonderland with Spanish-style architecture, museums, and gardens. We spent hours wandering through its pathways, admiring the blend of history, art, and nature. The San Diego Zoo, nestled inside the park, was another must-visit. Known worldwide, it gave us a chance to see wildlife from pandas to polar bears in thoughtfully designed habitats.


One evening, we made our way to the lively Gaslamp Quarter, the historic heart of San Diego. With its Victorian-era buildings, trendy restaurants, and buzzing nightlife, it was the perfect spot to enjoy some delicious food after a day of sightseeing.

## REFLECTIONS ON A MEMORABLE JOURNEY

As our California adventure came to an end, I couldn't help but reflect on how this trip balanced glamour and relaxation so perfectly. Los Angeles dazzled us with its movie magic, iconic landmarks, and buzzing beaches, while San Diego charmed us with its coastal beauty, cultural richness, and laid-back lifestyle.

Flying back on Turkish Airlines, I realized how travel isn't just about ticking places off a list—it's about the moments you gather, the sunsets you watch, the laughter you share, and the feeling of living fully in a new city. California gave us all that and more.

This journey will forever stay close to my heart—two cities, countless memories, and an experience that reminded me why exploring new corners of the world is the greatest adventure of all.



# NIF Global Jaipur, Kamla Poddar Institutes students showcased their creative brilliance at the prestigious Global India Couture Week (GICW)







NIF Global Jaipur, Kamla Poddar Institutes students showcased their creative brilliance at the prestigious Global India Couture Week (GICW) in Mumbai on 19th September. The presentation featured seven distinctive collections, beginning with Riwani, inspired by the timeless elegance of Bani Thani, followed by Sacred Currents that drew from the spiritual flow of the Ganga, and Seraphine, a celebration of the invisible yet powerful element of air. The showcase continued with Rangrez, translating the grandeur of Jaipur's iconic Patrika Gate into contemporary fashion, and Chromatic Knots, a vibrant reinterpretation of Bandhej and tie-dye traditions. Adding a bold twist, the Graffiti collection brought the raw energy of street art into refined silhouettes, while Heritage in Motion blended ancestral craftsmanship with modern movement-friendly designs. Together, these collections reflected a seamless balance of tradition and modernity, reaffirming the institute's commitment to nurturing innovation and providing students with global platforms to shine.



# ‘शब्द ए सफर’ कविता-संग्रह का विमोचन समारोह संपन्न



जोधपुर – सिंपली जयपुर पब्लिकेशन के नवीनतम साहित्यिक प्रयास "शब्द ए सफर" कविता-संग्रह का भव्य विमोचन समारोह शांति द बुटीक होटल, जोधपुर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष जस्टिस गोपाल कृष्ण व्यास, डॉ. फतेह सिंह भाटी तथा समाजसेवी पवन मेहता रहे। अपने उद्बोधन में जस्टिस गोपाल कृष्ण व्यास ने कहा कि "ऐसे संकलन नए कवियों के लिए प्रेरणास्रोत होते हैं। यह मंच उन्हें अपनी रचनात्मकता को व्यक्त करने और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का अवसर देता है।" डॉ. फतेह सिंह भाटी ने संग्रह को कवियों की कल्पनाशीलता और संवेदनशीलता का सशक्त उदाहरण बताया तथा कहा कि यह पुस्तक साहित्य प्रेमियों के लिए एक महत्वपूर्ण काव्य–संग्रह सिद्ध होगी। वहीं पवन मेहता ने सभी नवोदित कवियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और उनके प्रयासों की सराहना की।

काव्य संग्रह की सम्पादक अंशु हर्ष ने बताया कि "इस काव्य-संग्रह की विशेषता यह है कि इसमें सम्मिलित 21 कवियों में से 20 महिलाएं हैं। यह पुस्तक स्त्री के मनोभावों, उसके अंतर्मन के सफर और उसकी संवेदनाओं को शब्दों में ढालने का प्रयास है।" उन्होंने आगे कहा कि ‘शब्द ए सफर’ वास्तव में शब्दों की वह यात्रा है जिसमें कवियों ने अपने जीवन के अनुभवों, संघर्षों, प्रेम, पीड़ा, आशा और आत्मचिंतन को कलम के माध्यम से अभिव्यक्त किया है। कार्यक्रम का मंच संचालन नलिनी हर्ष द्वारा किया गया, जबकि थार सर्वोदय संस्थान फाउंडर ट्रस्टी सेकेट्री सोमेंद्र हर्ष भी समारोह में उपस्थित रहे। इस संग्रह की जोधपुर कोऑर्डिनेटर शुभलक्ष्मी पुरोहित है । "शब्द ए सफर" मात्र कविताओं का संकलन नहीं, बल्कि भावनाओं का संगम है, जो जीवन के विविध रंगों को समेटे हुए एक साहित्यिक गुलदस्ते के रूप में पाठकों के हृदय को स्पर्श करेगा।



# Jaipur Hosts Global Happiness Forum 2025 : A Gateway to Global Wellbeing and Joy



The Pink City is set to welcome the second edition of the Global Happiness Forum Jaipur (GHFJ) 2025, an international gathering dedicated to happiness, wellbeing, and human flourishing. Building on the resounding success of its 2024 debut, the Forum returns on 27–28 September 2025 at Hotel Clarks Amer, Jaipur, with an expanded vision and deeper purpose. Event Organiser K. Vikram Rastogi said " This two-day celebration will bring together 600+ delegates from India and abroad, along with 20+ distinguished speakers, thought leaders, and wellness experts from across the globe" . Organised by World Happiness Foundation – India Chapter and ST Foundation, with support from the Kogta Foundation and powered by Genus Power Infrastructures Limited, GHFJ 2025 is hosted under the powerful theme "Gateway to Global Happiness." The Forum envisions integrating happiness into the core of individual, professional, and institutional life raising awareness about the science of happiness, promoting holistic wellbeing, and inspiring a global movement for sustainable joy.

Key Highlights of GHFJ 2025 : Inaugural Session (27 Sept, 10:00 AM) with Dr. Sudhir Bhandari, Pro-Chancellor, JNU Institute of Medical Sciences as Guest of Honour; presided over by Maj Gen Anuj Mathur. Valedictory Session (28 Sept, 3:00 PM) with Mr. Rajeshwar Singh, IAS (Retd.), Hon'ble State Chief Election Commissioner, as Guest of Honour. Thematic Tracks: Spiritual Wellbeing, Physical & Intellectual Wellness, Emotional Wellness, Happiness in Education, and The Future of Happiness at Work and in Society.

Global Speaker Line-up: Featuring Dr. Luis Gallardo (USA), Dr. Saamdu Chetri, Dr. Prabhat Pankaj, Dr. Shiv Gautam, Dr. Manas K Mandal, Dr. Vibha Tara, K.C. Jones (Costa Rica), Ms. Tami Muller (USA), Dr. Sanjeev Sharma, Prof. Ramesh Arora, Dr. Shyam Kumar, Ashish Kumar, L.M. Kapoor (USA), N.K. Chaudhary, Ms. Michelle Zou (USA), Dr. Ash Kumar (UK), and Raj Agrawal.

Book Launches: Five transformative titles, including Actions for Happiness in Academics (AHA), The Boiling Frog, and How to Be on a Diet for 45 Years and Never Be Thin. A special Books Corner will showcase and sell 10+ international titles.

Creative Attractions: Screenings of Happiness Songs and youth-led volunteer leadership initiatives. Looking Ahead : From 2026 onwards, the Global Happiness Forum Jaipur will merge with the Global Happiness Festival to form a unified annual event: the Global Happiness Forum & Festival. This will be organized under the aegis of the World Happiness Foundation – India Chapter, in collaboration with the Kogta Foundation and






promoted by the Stone Technology Foundation, Jaipur.

Why It Matters : As stress, burnout, and emotional disconnect rise worldwide, GHFJ 2025 is a timely call to recognize happiness as both a science and a practice—and perhaps the most important investment of our time. The Forum invites seekers, professionals, educators, and changemakers to join this joyful, insightful, and transformative gathering. Partnerships : Principal supporters include Genus Power Infrastructures Limited, Jaipuria Institute of Management, Kogta Foundation, and Jaipur Rugs. Knowledge partners include CWC India and IIS (Deemed to be University), Jaipur, alongside other collaborators.

The Global Happiness Forum Jaipur 2025 concluded with resounding success, bringing together eminent speakers, authors, and thought leaders to explore diverse dimensions of happiness spanning psychology, education, spirituality, and community well-being. The second day of the Forum featured three significant book launches: "SBOP Living" by Dr. Sanjay Runwal, Advisor, CWC Foundation India, presenting a model for sustainable balance of personal and professional life. "How to Be on a Diet for 45 Years and Never Be Thin" by Tami Muller, Certified Happiness & Positive Psychology Coach, offering a witty yet insightful take on resilience and self-acceptance. "The Boiling Frog" by Dr. Ashish, highlighting awareness and adaptability in fast-changing modern life.


Distinguished sessions added depth to the Forum: Jaipuria Institute of Management on Reimagining Education, Parenting, Human Behaviour, and Happiness through Panel discussion. Dr. Shyam Kumar on Appropriate Feelings in Relationships. Dr. Vibha Tara on Gratitude and Positivity. Shiv Gautam on Psycho-Biological Determinants of Happiness with references from the Bhagavad Gita. Ms. Aishwarya Jain, Founder, I'm Happiness Foundation, on Ancient Wisdom and Modern Happiness. The Forum's key sponsors were Genus power Infrastructure ltd, Kogta Foundation, Jaipuria Institute of Management, Jaipur Rugs, Sekawati and Rohit Kauntia. The event concluded with the Valedictory Address by Mr. Rajeshwar Singh, Chief Election Commissioner of Rajasthan, who emphasized the role of happiness in shaping stronger democratic and social values. The session was presided over by Mr. Ambrish Kumar, Secretary, Medical Education Department. Govt of Rajasthan.

A special felicitation ceremony honored the Brand Ambassadors of the Forum, recognizing their tireless contributions in registrations, hospitality, media outreach, and guest relations that made the gathering a grand success. The Global Happiness Forum Jaipur 2025 emerged as more than just a conference it became a collective movement weaving together ancient wisdom, modern psychology, and practical frameworks for everyday happiness.





# यूजर चार्ज के विरोध में कृषि उपज मंडी व्यापारियों का धरना प्रदर्शन एवं सरकार को ज्ञापन





रजिस्ट्रेशन नं. : 82/1970
फोन : 0141-2420696
खाद्य पदार्थ व्यापार संघ जयपुर
अविनाश जैन
मंत्री
मो. : 9414077162
दिनांक

राजस्थान सरकार द्वारा 13 अगस्त 2025 को जारी आदेश के तहत कृषि उपज मंडी प्रांगण में व्यापार करने पर 0.50 प्रतिशत यूजर चार्ज लगाए जाने के विरोध में प्रदेशभर के मंडी व्यापारियों में गहरा असंतोष व्याप्त है। इस निर्णय से मंडियों में व्यापार ठप पड़ने की स्थिति बन गई है और व्यापारी वर्ग बेरोजगारी की कगार पर पहुंच गया है। व्यापारियों ने मुख्यमंत्री महोदय को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की है कि इस यूजर चार्ज को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए, कयोंकि यह किसानों, व्यापारियों और उपभोक्ताओं तीनों के हितों के प्रतिकूल है। व्यापारियों ने मुख्यमंत्री से निवेदन किया है कि राज्य और जनता के हित में इस काले कानून को तत्काल निरस्त किया जाए, अन्यथा प्रदेशभर के मंडी व्यापारी संगठित होकर आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस ज्ञापन पर रामचरण नाटाणी (अध्यक्ष), अविनाश जैन (मंत्री), सतीश पापडीवाल (सहमंत्री), राजधानी उपज कृषि मंडी एवं मयंक ठाकुरिया ङ्क अध्यक्ष, सूरजपोल मंडी, प्रदीप अग्रवाल –अध्यक्ष, मुहाना खाद्य पदार्थ व्यापार संघ, अनाज मंडी मुहाना सांगानेर सहित अन्य मंडी व्यापारियों के हस्ताक्षर हैं। व्यापारियों ने अपने ज्ञापन में कहा है कि सरकार द्वारा लगाया गया यह यूजर चार्ज केवल मंडी प्रांगण में होने वाले व्यापार पर लागू किया गया है, जिससे मंडी के अंदर सभी वस्तुएं महंगी हो गई हैं और व्यापारियों का कारोबार बुरी तरह प्रभावित हुआ है। जब वस्तुएं महंगी बिकेंगी तो ग्राहक मंडी से दूरी बना लेंगे, जिससे सरकार को किसी प्रकार की अतिरिक्त आय भी नहीं होगी। व्यापारियों ने यह भी आशंका जताई कि इस निर्णय से मंडियों में भ्रष्टाचार बढ़ेगा और निरीक्षक राज पुन: शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि पिछले 60ङ्क70 वर्षों में इस प्रकार का कोई शुल्क पहले कभी नहीं लगाया गया था, जबकि सरकार को अब तक टैकसों के माध्यम से पर्याप्त राजस्व मिलता रहा है। व्यापारियों ने बताया कि वे पहले से ही मंडी टैकस 1.60 प्रतिशत, कल्याण सेस 0.50 प्रतिशत, दुकान किराया, यू.डी. टैकस, जी.एस.टी. और इनकम टैकस जैसे अनेक करों का वहन कर रहे हैं। मंडियों में मुख्य रूप से कृषि से जुड़े खाद्य पदार्थ जैसे तेल, दाल, चीनी आदि का व्यापार होता है, जिन पर पहले ही मंडी टैकस वसूला जा रहा है। साथ ही, मंडी व्यापारियों का कार्य मुख्य रूप से खरीफ और रबी के सीजन में दो महीनों के लिए ही सक्रिय रहता है, शेष समय वे सीमित व्यापार के माध्यम से अपनी आजीविका चलाते हैं, जिससे सैकड़ों कर्मचारियों, मुनीमों और पल्लेदारों को रोजगार मिलता है। कई ऐसी मंडियां हैं जहां किसानी माल आता ही नहीं, केवल बायो-प्रोडकट्स का व्यापार होता है, ऐसे में यह यूजर चार्ज लागू होने पर वे व्यापारी पूरी तरह बेरोजगार हो जाएंगे।





# राजस्थान चैंबर द्वारा 'रिजर्व बैंक इंटीग्रेटेड ऑम्बड्समैन स्कीम 2021' पर जागरूकता सत्र का हुआ आयोजन



भारतीय रिजर्व बैंक इंटीग्रेटेड ऑम्बड्समैन द्वारा राजस्थान चैंबर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री के सहयोग से आज चैम्बर भवन के श्री मोहन लाल सुखाडिया मेमोरियल हॉल, में एक विशेष जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र का उद्देश्य एमएसएमई इकाइयों और उद्योग संगठनों को **"रिजर्व बैंक इंटीग्रेटेड ऑम्बड्समैन स्कीम, 2021"** के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान करना और उन्हें वैकल्पिक शिकायत निवारण प्रणाली की प्रक्रिया से अवगत कराना था। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत से हुआ। इस अवसर पर भारतीय रिजर्व बैंक इंटीग्रेटेड ऑम्बड्समैन के सहायक महाप्रबंधक श्री रमेश किशनानी एवं श्री योगेश चौधरी ने प्रतिभागियों को योजना की पृष्ठभूमि, उद्देश्य और उपयोगिता के बारे में प्रेजेंटेशन के माध्यम से विस्तार से बताया। उन्होंने समझाया कि इस योजना के माध्यम से बैंकिंग सेवाओं, एनबीएफसी और पेमेंट सर्विस प्रोवाइडर्स से संबंधित उपभोक्ता शिकायतों के समाधान हेतु एक एकीकृत, सरल और पारदर्शी व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है। सत्र में राजस्थान चैंबर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री के अध्यक्ष डॉ. के.एल. जैन ने अपने संबोधन में कहा कि एमएसएमई क्षेत्र आर्थिक विकास की रीढ है और इन्हें वित्तीय लेन-देन से जुडी समस्याओं का सामना अक्सर करना पडता है। ऐसे में यह जागरूकता सत्र न केवल उपयोगी है, बल्कि समयानुकूल भी है। उन्होंने सभी उद्यमियों और व्यापार प्रतिनिधियों से अपील की कि वे इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएँ। उन्होंने कहा कि ग्राहकों की शिकायतों को समयबद्ध और निष्पक्ष तरीके से निपटाना रिजर्व बैंक की प्राथमिकता है और इस दिशा में यह योजना एक ऐतिहासिक कदम है। इस प्रणाली से ग्राहकों को राहत तो मिलेगी ही, साथ ही बैंकों और वित्तीय संस्थानों के लिए भी एक स्पष्ट और पारदर्शी तंत्र उपलब्ध होगा। कई प्रतिभागियों ने बताया कि उन्हें अक्सर बैंकिंग सेवाओं से संबंधित शिकायतों के समाधान में कठिनाई होती है, परन्तु अब इस योजना के माध्यम से उनके लिए एक सरल और सुगम रास्ता उपलब्ध होगा। राजस्थान चैंबर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री डी एस भंडारी, श्री सुधीर पालीवाल उपाध्यक्ष श्री ज्ञान प्रकाश मानद महासचिव आनंद महरवाल, बृज बिहारी शर्मा विजय गोयल अतिरिक्त मानद सचिव श्री प्रभात गुप्ता सयुंक्त सचिव श्री बादषाह मियाँ राजस्थान चैम्बर यंग वीमेन इंटरप्रेन्योर विंग की चेयरपर्सन श्रीमती चांदनी जग्गा सचिव श्री दिनेश कानूनगो अतिरिक्त सचिव श्री कन्हैया लाल जांगिड सयुंक्त सचिव अमित पारीक सहित बडी संख्या में एमएसएमई उद्यमियों, उद्योग संघों, व्यापारिक संगठनों, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, वित्तीय विशेषज्ञों और छात्रों ने भाग लिया।

---

# आईआईएस यूनिवर्सिटी में हुआ 'थैंक यू गेट-टुगेदर' का भव्य आयोजन




आईआईएस (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी), जयपुर के आईआईएसयू लॉन्स में 'आभार 2025 ङ्क थैंक यू गेट-टुगेदर' का भव्य आयोजन हुआ। यह विशेष आयोजन नए शैक्षणिक सत्र के स्वागत और छात्र नेतृत्व को नई दिशा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। आयोजन की शुरुआत मंगलमयी शिव वंदना से हुई, जिसने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इसके बाद मिस फ्रेशर यूजी 2025 तनिषा जैन ने स्वागत संबोधन दिया। नृत्य प्रस्तुतियों की झड़ी ने दर्शकों का मन मोह लिया —सेमी - कलासिकल डांस, कालबेलिया लोक नृत्य, बॉलीवुड ग्रूव्स, टॉलीवुड डांस और वेस्टर्न डांस ने मंच पर रंग बिखेरे। आयोजन का प्रमुख आकर्षण रहा इन्वेस्टिचर सेरेमनी एवं ओथ-टेकिंग सेरेमनी, जिसमें आईआईएसयू स्टूडेंट काउंसिल 2025-26 के पदाधिकारियों ने जिम्मेदारी की शपथ ली। इस अवसर पर चांसलर अमित गुप्ता ने विद्यार्थियों को आशीर्वचन देते हुए कहा कि — "लीडरशिप केवल पद नहीं, बल्कि समाज और विश्वविद्यालय के प्रति जिम्मेदारी का भाव है।" विद्यार्थियों ने सामूहिक गीत, स्किट और फ्यूजन डांस प्रस्तुत कर एकता, विविधता और रचनात्मकता का संदेश दिया। आयोजन का समापन मिस फ्रेशर पीजी 2025 ऋद्धा कोठारी द्वारा आभार ज्ञापन से हुआ। अंत में डांस पार्टी ने पूरे लॉन को उत्साह और उल्लास से भर दिया। यह कार्यक्रम न केवल एक सांस्कृतिक उत्सव था, बल्कि छात्रों के नेतृत्व, प्रतिभा और सामूहिक भावना का जीवंत प्रतीक भी बना।

# राजस्थान चैम्बर द्वारा 'साहित्यकार सम्मान' का हुआ भव्य आयोजन



राजस्थान चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री एवं कृतिकार साहित्यिक संस्था के संयुक्त तत्वावधान में हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी चैम्बर भवन में एक गरिमामय समारोह में " चैम्बर साहित्यकार सम्मान"-2025 प्रदान किए गए। इस अवसर पर साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले 3 प्रतिष्ठित साहित्यकारों को सम्मानित किया गया। समारोह का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता चैंबर के अध्यक्ष डॉ. के.एल. जैन ने की तथा मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. जितेन्द्र मक्कड़ चेयरमैन एवं विभागाध्यक्ष कार्डियोलॉजी विभाग एटर्नल हॉस्पिटल, जयपुर व विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार व कवि श्री लोकेश कुमार सिंह "साहिल" उपस्थित रहे। इस अवसर पर चैम्बर के पदाधिकारीगण, उद्योग जगत के प्रतिनिधि, साहित्यकार, शिक्षाविद एवं संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अपने स्वागत उद्बोधन में राजस्थान चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री अध्यक्ष डॉ. के.एल. जैन ने कहा कि साहित्य समाज का दर्पण है और यह हमारी संस्कृति, परम्पराओं और जीवन मूल्यों को सहेजने का माध्यम है। उन्होंने यह भी कहा कि राजस्थान चेम्बर केवल उद्योग और व्यापार तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज की बौद्धिक, सांस्कृतिक एवं साहित्यिक गतिविधियों को भी निरंतर प्रोत्साहन देता रहता है। मुख्य अतिथि डॉ. जितेन्द्र मक्कड ने अपने संबोधन में साहित्य की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि साहित्यकार समाज को नई दिशा देने वाले मनीषी होते हैं। उनके विचार समाज की चेतना को जागृत करते हैं और नई पीढ़ी को प्रेरित करते हैं। उन्होंने सम्मानित साहित्यकारों को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कीं। विशिष्ट अतिथि श्री लोकेश कुमार सिंह "साहिल" ने भी अपने विचार रखें। इस अवसर पर निम्नलिखित 3 साहित्यकारों को उनके विशिष्ट योगदान के लिए " चैम्बर साहित्यकार सम्मान" से सम्मानित किया गया- श्री आलोक चतुर्वेदी जी को हिन्दी साहित्य क्षेत्र में, श्री रज़ा शैदाई जी को उर्दू साहित्य क्षेत्र में व स्वं श्री बुद्धि प्रकाश जी पारीक (मरणोपरांत) को ढूंढाडी साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट रचनात्मक योगदान के लिए सम्मानित कर प्रशस्ति-पत्र, शॉल एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ साहित्यकार शोभा चंदर पारीक ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन चैम्बर के मानद महासचिव आनंद महरवाल द्वारा दिया गया। राजस्थान साहित्य सम्मान में सम्मानित साहित्यकारों ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत की जिन्होंने श्रोताओं को अत्यंत आकर्षित और भावविभोर कर दिया। राजस्थान चैम्बर का यह आयोजन हर वर्ष की भाँति इस बार भी साहित्यकारों के कार्यों को सम्मानित करने और नई पीढ़ी को साहित्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से किया गया।

---

# आरसीसीआई – फ़िल्म डिवीज़न सेल का विशेष आयोजन एवं प्रथम आम बैठक, कार्यकारिणी की घोषणा और फ़िल्म प्रदर्शन




राजस्थान चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (RCCI) के फ़िल्म डिवीज़न सेल का विशेष आयोजन एवं प्रथम आम बैठक आज राजस्थान चैम्बर भवन, एम.आई. रोड, जयपुर में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर सिनेमा एवं सृजनात्मक क्षेत्र से जुड़े सदस्यों, गणमान्य व्यक्तियों और हितधारकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाते हुए माननीय श्री के.एल. जैन, अध्यक्ष, आरसीसीआई मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस आयोजन में फल्मि डिवीज़न सेल की कार्यकारिणी समिति की घोषणा की गई, साथ ही फ़िल्म डिवीज़न सेल के मिशन और विज़न प्रस्तुत किए गए तथा सदस्यों के लिए सहयोग एवं अवसरों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहा लघु फल्मि "ए जन्दिगी" का प्रीव्यू प्रदर्शन, जिसका निर्माण सनराइजिंग सिनेविज़न अकादमी द्वारा किया गया है। ये पहलें इस तथ्य को रेखांकित करती हैं कि आरसीसीआई राजस्थान में फल्मि उद्योग को व्यापार, संस्कृति और रोज़गार के उभरते हुए क्षेत्र के रूप में बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। फल्मि डिवीज़न सेल कार्यकारिणी समिति: अध्यक्ष (प्रेजिडेंट): श्री के.एल. जैन , सेल चेयरपर्सन: सोमेन्द्र हर्ष, सेल वाइस चेयरपर्सन- अंशु हर्ष, सेल सचिव- अनमोल अग्रवाल, सेल संयुक्त सचिव- सिद्धार्थ शर्मा एवं पंकज वाधवानी एवं RCCI के वर्तमान कार्यकारिणी सदस्य भी फ़िल्म डिवीज़न सेल के कार्यकारिणी समिति का भी हिस्सा बने रहेंगे । कार्यक्रम के दौरान कार्यकारिणी प्रतिनिधियों ने कहा कि फल्मि डिवीज़न सेल उद्योग, सरकार और रचनात्मक समुदाय के बीच सेतु का कार्य करेगा तथा फल्मि निर्माण, वितरण एवं अन्य संबद्ध क्षेत्रों में नए अवसरों को बढ़ावा देगा। फल्मि डिवीज़न सेल , राजस्थान चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए यह संकल्प दोहराया कि सदस्यों और फल्मि उद्योग के हित में इस प्रकार की गतिविधियों को आगे भी निरंतर गति प्रदान की जाएगी।

# राजस्थान चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष डॉ. के.एल. जैन 'लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड' (मानव रत्न) से सम्मानित



राजस्थान चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष डॉ. के.एल. जैन को व्यापार, वाणिज्य एवं उद्योग क्षेत्र में उनके अतुलनीय योगदान और उत्कृष्ट नेतृत्व के लिए प्रतिष्ठित "लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड" मानव रत्न से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें उनके पिछले 55 वर्षों से निरंतर सेवा, समर्पण और अद्वितीय नेतृत्व क्षमता के लिए इंटरनेशनल न्यूज़ एण्ड व्यूज़ कारपोरेशन (INVC), रू व नई दिल्ली द्वारा चैंबर भवन, जयपुर में राजस्थान चैम्बर एवं भारद्वाज फाउंडेशन व इंटरनेशनल न्यूज़ एण्ड व्यूज़ कारपोरेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 43वें इंडस्ट्री–अकादमिक इंटरफेस कार्यक्रम के दौरान प्रदान किया गया। अवार्ड सलेकशन कमेटी के चेयरमैन डॉ. डी. पी. शर्मा ने बताया कि कुल 270 नामांकन में से डॉ. जैन को उनके असाधारण सेवा कार्यों और उपलधियों के आधार पर इस सर्वोच्च सम्मान हेतु चयनित किया गया। उल्लेखनीय है की डॉ. जैन ने अपने जीवन का अधिकांश समय राजस्थान के उद्योग, व्यापार और सेवा क्षेत्र के विकास को समर्पित किया है। वे न केवल राजस्थान चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की पहचान हैं, बल्कि उन्होंने राज्य के औद्योगिक एवं व्यापारिक परिदृश्य को नई दिशा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अपने पाँच दशकों से अधिक लंबे कार्यकाल में डॉ. जैन ने एम.एस.एम.ई. इकाइयों के विकास, निवेश संवर्धन, औद्योगिक नीति निर्माण, कराधान सुधार, निर्यात प्रोत्साहन, रोजगार सृजन और उद्यमिता विकास जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दिया है। उनके प्रयासों से राजस्थान उद्योग को विशेष पहचान मिली। डॉ. जैन के नेतृत्व में राजस्थान चैंबर ने सदैव सरकार और उद्योगों के बीच सेतु का कार्य किया है। उन्होंने अनेक बार राज्य और केंद्र सरकार को उद्योग एवं व्यापार से संबंधित समस्याओं से अवगत कराया और उनके समाधान हेतु सार्थक सुझाव प्रस्तुत किए। जी.एस.टी. सुधार, एम.एस.एम.ई. इकाइयों को समय पर भुगतान, निर्यात प्रोत्साहन योजनाएँ, कराधान विसंगतियों का निवारण, तथा निवेश आकर्षित करने के लिए नीतिगत पहल में डॉ. जैन की सक्रिय भूमिका रही है। लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड प्राप्त करने के उपरांत डॉ. जैन ने कहा की — "यह सम्मान केवल मेरा नहीं, बल्कि उन सभी व्यापारियों, उद्योगपतियों और उद्यमियों एवं चैम्बर के सदस्यों का है जिन्होंने मुझे सदैव सहयोग प्रदान किया है। राजस्थान की आर्थिक प्रगति और उद्योग जगत को नई ऊँचाइयों पर ले जाना मेरा संकल्प रहा है और आगे भी मैं इस दिशा में राज्य सरकार के साथ निरंतर कार्य करता रहूँगा।

---

# अणुव्रत काव्य धारा का आयोजन




अणुव्रत के सिद्धांतों को जन–जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आज अणुविभा जयपुर केन्द्र में अणुव्रत काव्य धारा कार्यक्रम का आयोजन अणुव्रत समिति जयपुर द्वारा बहुश्रुत परिषद की सम्मानित सदस्या शासन गौरव साध्वी श्री कनकश्री जी के सानिध्य में आयोजित किया गया। जिसका विषय था अणुव्रत की डोर 9 देश बने सिरमौर। अणुव्रत काव्य धारा का उद्देश्य अणुव्रत के दर्शन और इसके सिद्धांतों को काव्य पाठ के माध्यम से प्रचारित व प्रसारित करना है। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कवि, रचनाकार, लेखक एवं साहित्यकार आमंत्रित किए गए । कार्यक्रम में कुल 11 रचनाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी तथा अणुव्रत आचार्य संहिता के ग्यारह नियमों को काव्य पाठ के माध्यम से समझाने का प्रयास किया। कार्यक्रम का शुभारंभ साध्वीश्री कनक श्री जी एवं साध्वीवृंद ने नमस्कार महामंत्र के पावन उच्चारण के साथ की। तत्पश्चात महिला मंडल शहर की सदस्याओं द्वारा मंगलाचरण स्वरूप अणुव्रत गीत का संगान किया गया । अणुव्रत समिति जयपुर के अध्यक्ष श्री विनोद जी बैद ने अणुव्रत आचार संहिता का वाचन किया जिसे महाप्रज्ञ सभागार में उपस्थित सभी सहभागियों ने दोहराया। आमंत्रित अतिथियों का स्वागत अणुव्रत समिति के निवर्तमान अध्यक्ष श्री विमल जी गोलछा ने करते हुए बताया कि जयपुर अणुव्रत समिति द्वारा प्रत्येक वर्ष काव्य धारा का आयोजन किया जा रहा है तथा इस क्रम में यह चौथी काव्य धारा है । कार्यक्रम में संभागी बने रचनाकारों ने आचार संहिता के 11 नियमों पर अपनी काव्य रचनाएं प्रस्तुत की तथा प्रत्येक संभागी ने आचार संहिता के एक नियम को अपनी अभिव्यक्ति प्रदान की । सम उपस्थित रचनाकारों एवं साहित्यकारों में डॉ मधु भट्ट तेलंग, श्रीमती सोनू यशराज, श्री ललित अकिंचन, श्री सुभाषचन्द्र शर्मा, डॉ. राधेश्याम भारतीय, डॉ. क्षिप्रा नत्थानी, श्रीमती अंशु हर्ष, रेनू शकदमुखर, योगाचार्य डॉकटर नरेंद्र शर्मा "कुसुम" एवं डॉकटर रेखा गुप्ता प्रमुख थे । साध्वी श्री मधुलेखा ने भी व्यसन मुक्त जीवन पर साध्वीश्री कनकश्री जी की सारगर्भित रचना प्रस्तुत की । सभी कवियों द्वारा प्रस्तुत की गई रचनाओं की उपस्थित श्रोताओं द्वारा भूरि भूरि प्रशंसा की गई। श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा के अध्यक्ष श्री शांतिलाल जी गोलछा एवं अणुव्रत विश्व भारती सोसायटी के निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अविनाश जी नाहर ने भी अपने विचार रखे। श्री अविनाश जी नाहर ने अणुव्रत के विभिन्न प्रकल्पों के बारे में सारगर्भित जानकारी देते हुए अणुव्रत के नियमों को अपनाने के महत्व पर प्रकाश डाला । साध्वीश्री कनकश्री जी ने अपने उद्बोधन में बताया कि जीवन की अनेक समस्याओं को चरित्र निर्माण द्वारा सुलझाया जा सकता है ।

# शक्ति फाउंडेशन ने उत्साह से मनाया अपना 7 वां वार्षिक सिंदूर खेला उत्सव



जयपुर के महिला संगठन, शक्ति फाउंडेशन द्वारा बुधवार शाम को तिलक नगर स्थित एसडीएम पार्क में अपना 7वां वार्षिक 'सिंदूर खेला' उत्सव भव्य रूप से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बंगाल की पारंपरिक साड़ी में सजी-धज्जी महिलाओं ने 'सिंदूर खेला' की रस्म उत्साह और उमंग के साथ निभाई। कार्यक्रम की शुरुआत 'सिंदूर खेला' की परंपरा और इसके महत्व के बारे में विस्तार से बताने के साथ हुई। जिसके बाद विधिवत पूजा-अर्चना और अनुष्ठानों का आयोजन हुआ। इस विशेष अवसर पर कोलकाता की पवित्र रेत से निर्मित इको-फ्रेंडली मां दुर्गा की प्रतिमा और बंगाल से मंगाई गई विशेष पारंपरिक साड़ियों ने आयोजन को सांस्कृतिक गहराई प्रदान की। महिलाओं ने पहले मां दुर्गा को पान के से सिंदूर अर्पित कर अपने सुहाग की लंबी उम्र व परिवार की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की। इसके बाद एक दूसरे को सिंदूर लगाकर 'सिंदूर खेला' की रस्म निभाई। इस रस्म में केवल विवाहित ही नहीं, बल्कि अविवाहित, ट्रांसजेंडर्स सहित हर वर्ग की महिला ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और आपसी प्रेम व सौहार्द का संदेश दिया। उत्सव के दौरान महिलाओं ने बंगाली संगीत पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियां देकर उत्सव में और भी रंग भर दिए। वहीं, इस वर्ष युवा विद्यार्थियों द्वारा महिला सशक्तिकरण पर आधारित नाटक का मंचन मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा और दर्शकों ने भी प्रस्तुति को काफी सराहा। इस अवसर पर शक्ति फाउंडेशन की संस्थापक, सोनाक्षी वशिष्ठ ने कहा कि "इस वर्ष सिंदूर खेला का उत्सव भव्यता के साथ एक ओपन एयर स्पेस में आयोजित किया गया है। हमारे लिए सिंदूर केवल विवाह का प्रतीक नहीं है, बल्कि हर वर्ग की महिलाओं को एक साथ लाकर सिस्टरहुड, समावेशिता और नारी शक्ति का उत्सव मनाना है। अनुष्ठानों से आगे बढ़कर यह आयोजन अब एक ऐसा मंच बन गया है, जहां महिलाएं एकजुट होकर आपसी मित्रता और सौहार्द का संदेश देती हैं।" कार्यक्रम में शक्ति फाउंडेशन की सह-संस्थापक शैलजा शर्मा एवं शिखा मेहरा सहित कोर टीम की सदस्य डॉ. सुप्रिया गुप्ता, श्रुति लूथरा, निमिषा गुप्ता, रश्मि बहेती, चैताली सेनगुप्ता, परमप्रीत मेहरा, हिना ठाकुरदसानी और अनुपमा अग्रवाल भी उपस्थित रहीं। उत्सव के दौरान महिला एंटरप्रेन्योर्स द्वारा पॉप-अप स्टॉल्स, क्राफ्ट बाजार, लाइव लाख बैंगल वर्कशॉप, पेंटिंग वर्कशॉप, फेस पेंटिंग, पोट्रेट मेकिंग, फोटो बूथ सहित पारंपरिक व्यंजनों से सजे फूड स्टॉल्स ने कार्यक्रम में जीवंतता भर दी। इन गतिविधियों ने न केवल उत्सव को अधिक मनोरंजक बनाया, बल्कि स्थानीय प्रतिभाओं और महिला उद्यमिता को भी मंच प्रदान किया।

# POETRY AND MUSIC PERFORMANCE 'VISAAL' MESMERISED THE AUDIENCE




A soulful musical presentation titled 'Visaal' was organised on Saturday evening at Krishnayan, Jawahar Kala Kendra (JKK). In this programme, Jaipur-based poet and singer Rohit Singh brought alive the romance, reflection, and deep emotional connection through his compositions.

During this one-hour presentation, Rohit Singh enthralled the audience with his original works such as 'Ke Ab Main Nashe Mein Hoon', 'Sandali Fiza' and 'Itni Aasani Se Dil Ko'. Each piece of Visaal was written and composed by Rohit himself, and presented in his own voice.

Sharing the stage with Rohit were two talented Jaipur-based artistes — Gautam Gupta on the guitar and Utkarsh Soni on the tabla, who added their artistic brilliance to the evening. Together, the trio created an enchanting atmosphere with their unique style and performance.

This special presentation was curated by Jaipur's theatre director, Mumal Tanwar. She incorporated visuals and artistic elements into the musical performance, making it a unique and memorable experience for the audience.

## 3 DAY STATE LEVEL CONFERENCE "RAJPULMOCON 2025" CONCLUDES IN JAIPUR




